साहित्य के माध्यम से युवाओं को नशे के खिलाफ करें जागरूक : नित्यानंद राय

सोनपुर कोर्ट। हरिहर क्षेत्र चेतना मंच के तत्वावधान में रविवार को सोनपुर मेला ग्राउंड स्थित संगत ग्रैंड के भव्य सभागार में हरिहर क्षेत्र साहित्य उत्सव 2026 एवं पुस्तक लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डा.संजय पंकज, डा.रणवीर कुमार राजन, डा.ईश्वर करुण, महेन्द्र प्रताप, सुरेन्द्र मानपुरी तृप्तिनाथ सिंह तथा अन्य गणमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया.समारोह में साहित्य, संस्कृति, सामाजिक सरोकारों और नशामुक्त समाज के निर्माण पर विशेष जोर दिया गया.इस अवसर पर गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय व अन्य अतिथियो ने चार पुस्तकों का लोकार्पण किया गया तथा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोगों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया.समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि साहित्य समाज का सच्चा दर्पण है.यह जीवन को समझने, जानने और उसे नई दिशा देने का महत्वपूर्ण माध्यम है. कभी-कभी एक छोटी-सी कहानी भी इंसान के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकती है.उन्होंने कहा कि आज के समय में साहित्यकारों की जिम्मेदारी और बढ़ गई है.साहित्य के माध्यम से युवाओं को जागरूक कर नशे के खिलाफ व्यापक अभियान चलाने की जरूरत है.नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए साहित्यकारों, सामाजिक संगठनों और कानून को अपनी-अपनी भूमिका निभानी होगी.अपने संघर्ष के दिनों को याद



करते हुए उन्होंने हरिहर क्षेत्र की धरती से अपने जुड़ाव का उल्लेख किया. उन्होंने कहा कि जब उन्हें हाजीपुर क्षेत्र में नहीं रहने का आदेश दिया गया था, तब हरिहर क्षेत्र की पावन भूमि उनके लिए शरणस्थली बनी थी.उन्होंने भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं और आस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि इस विरासत को कमजोर नहीं किया जा सकता.इतिहास लेखन का जिक्र करते हुए उन्होंने महाराणा प्रताप के योगदान और ऐतिहासिक व्यक्तित्वों के उचित मूल्यांकन पर भी अपनी बात रखी.उन्होने कहा कि साहित्य और इतिहास पर भी प्रहार हुआ है.महाराणा प्रताप के जगह अकबर को महान बताया गया.नित्यानंद राय ने हरिहर क्षेत्र की धार्मिक और ऐतिहासिक महत्ता का उल्लेख करते हुए इसे गज-ग्राह की पौराणिक कथा से जुड़ी संघर्ष और आस्था की भूमि बताया. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के कार्यों की सराहना करते हुए दावा किया कि नरेंद्र मोदी की सरकार में देश के लगभग 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में सफलता मिली है. कार्यक्रम में सोनपुर विधायक विनय कुमार सिंह और लालगंज विधायक संजय सिंह ने भी अपने विचार रखे. समारोह की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप ने की. स्वागत भाषण एवं प्रतिवेदन महासचिव तृप्तिनाथ सिंह ने प्रस्तुत किया,जबकि मंच संचालन सुरेंद्र मानपुरी ने किया।

ट्रॉली बैग में छिपाकर रखी शराब के साथ हाजीपुर जंक्शन पर दो गिरफ्तार

हाजीपुर (आससे)। पूर्व मध्य रेल के हाजीपुर जंक्शन पर आरपीएफ की सतर्कता से शराब तस्करी की बड़ी कोशिश नाकाम हो गई। गश्त के दौरान आरपीएफ ने ट्रॉली बैग में छिपाकर ले जाई जा रही 10 लीटर विदेशी शराब बरामद करते हुए दो तस्करों को धर दबोचा। आरपीएफ पोस्ट हाजीपुर के उप निरीक्षक नरसिंह यादव प्लेटफॉर्म पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान काले ट्रॉली बैग और ग्रे पिट्ठू बैग लिए दो युवक संदिग्ध अवस्था में घूमते दिखे। रोककर तलाशी ली गई तो दोनों बैगों से शराब की बोतलें और बियर केन निकले। बरामद शराब में रॉयल स्टैग और ब्लेंडर्स प्राइड व्हिस्की की 12 बोतलें (प्रत्येक 750 एमएल) तथा किंगफिशर स्ट्रॉन्ग बियर के 2 केन (प्रत्येक 500 एमएल) शामिल हैं। कुल मात्रा करीब 10 लीटर बताई गई है। मौके से तस्करी में इस्तेमाल दो मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मुजफ्फरपुर के कुढ़नी थाना क्षेत्र के दामोदरपुर निवासी सोनू कुमार (19) और भोजपुर के बड़हरा थाना क्षेत्र के सिरिसिया निवासी विवेक कुमार सिंह के रूप में हुई है। आरपीएफ ने दोनों को रेल थाने के हवाले कर दिया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

तेरसिया में नशे के खिलाफ अभियान युवाओं की काउंसलिंग शुरू

एचआईवी रोकथाम और पुनर्वास पर विशेष जोर

हाजीपुर (आससे)। वैशाली जिले में नशामुक्ति को लेकर प्रशासन ने बड़ा अभियान शुरू किया है। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के निर्देश पर रविवार को हाजीपुर के तेरसिया में नशे के विरुद्ध विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इसका संचालन एक एनजीओ सामाजिक सेवा संस्थान के तत्वावधान में किया जा रहा है। अभियान को लेकर जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय की ओर से प्रेस विज्ञप्ति भी जारी की गई है।



विज्ञप्ति के अनुसार, अभियान के तहत गठित टीम घर-घर जाकर लोगों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में बता रही है। तेरसिया क्षेत्र में युवाओं के बीच सूखे नशे के बढ़ते सेवन को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। इसी को देखते हुए प्रभावित युवाओं की पहचान कर उनकी काउंसलिंग की जा रही है। उन्हें नशे की लत छोड़कर मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

सत्र में बताया गया कि एनीमिया केवल स्वास्थ्य विभाग की समस्या नहीं है, बल्कि इसके उन्मूलन के लिए चार विभागों के बीच ठोस समन्वय जरूरी है। अधिकारियों को खून की कमी के लक्षणों की पहचान, समय पर प्रबंधन और गंभीर मामलों में त्वरित रेफरल की प्रक्रिया समझाई गई।

प्रशिक्षकों ने कहा कि अभियान के तहत अलग-अलग आयु वर्ग के बच्चों, किशोर-किशोरियों और महिलाओं के लिए आयरन की निर्धारित खुराक का सख्ती से पालन करना होगा। गर्भवती महिलाओं की अनिवार्य हीमोग्लोबिन जांच, फेरिक कार्बोक्सीमाल्टोज से उपचार, दवाओं की मांग-आपूर्ति-भंडारण और समय पर रिपोर्टिंग पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम में तय किया गया कि स्वास्थ्य विभाग जांच और उपचार देखेगा, शिक्षा विभाग स्कूलों में आयरन अनुपूरक कार्यक्रम चलाएगा, जबकि आईसीडीएस आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से जागरूकता और पोषण पर काम करेगा। हर माह रिपोर्टिंग और हर तिमाही समीक्षा बैठक अनिवार्य होगी। मौके पर जिला सामुदायिक उत्प्रेरक, जिला अनुश्रवण एवं मूल्यांकन पदाधिकारी, पिरामल फाउंडेशन और एविडेंस एक्शन के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

वोट चोरी से बनती है सरकार, इसलिए सांसद विधायक सब डमी हैं : डॉ. सुधांशु त्रिपाठी

हाजीपुर (आससे)। गांधी स्वराज आश्रम सोनपुर मे शनिवार को सारण जिला कांग्रेस कमेटी (पूर्वी) की जिला कार्यकारिणी की बैठक वोट बचाओ, देश बचाओ कार्यक्रम के तहत हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुधीर कुमार राय ने की।

मुख्य वक्ता अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व



सचिव एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक डॉ. सुधांशु त्रिपाठी ने कहा कि आज देश में सांसद, मंत्री, मुख्यमंत्री सब डमी हैं, रिमोट प्रधानमंत्री मोदी के पास है। वोट चोरी से जब सांसद, विधायक और सरकार बनती है तो उनका क्या सम्मान रहेगा। उन्होंने कहा कि इस आंदोलन को आजादी की लड़ाई की तरह लड़ना होगा, पहले लड़े थे गोरों से, अब लड़ेंगे वोट चोरों से। उन्होंने एसआईआर में गलत तरीके से करीब 13 करोड़ वोट काटे जाने का आरोप लगाया।

जिला प्रभारी चौधरी ब्रह्म प्रकाश ने जिला और ब्लॉक स्तर पर आंदोलन तेज करने पर जोर दिया। जिलाध्यक्ष सुधीर कुमार राय, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय सिंह और जिला पूर्व उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने भी संबोधित किया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार शर्मा, गिरजा प्रसाद राय, शंभू प्रसाद राय, गुड्डू कुमार, रंजन कुमार, सुजीत कुमार, पूर्व उपाध्यक्ष विलायत हुसैन, करमू प्रसाद यादव, राम बिनोद सिंह, रामाकांत सिंह, परिक्षण शर्मा, अजय पंडित, नवीन कुमार तन्नू, नितेश कुमार, युवा कांग्रेस के आकाश कुमार, कृष्ण मोहन राजू राम, अरविंद कुमार, राम ईश्वर साह, अमोद गोप, पंकज सिंह परमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

मॉडल युवती से 5 लाख की रंगदारी अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल

हाजीपुर (आससे)। वैशाली में मॉडल युवती से शोषण और ब्लैकमेल का मामला सामने आया है। महुआ के वार्ड-15, सिंह राय निवासी नीरज कुमार के खिलाफ महिला थाने में केस दर्ज हुआ है। आरोपी फरार है, पुलिस तलाश में जुटी है।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह मॉडलिंग और वीडियो शूट करती है। शूट के दौरान आरोपी से संपर्क हुआ। आरोप है कि शादी का झांसा देकर आरोपी ने शारीरिक संबंध बनाए और धोखे से अश्लील वीडियो बना लिया।

इसके बाद ब्लैकमेल का खेल शुरू हुआ। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पांच लाख रुपये मांगे। पैसे नहीं देने पर मोबाइल छीन लिया, ईमेल आईडी और इंस्टाग्राम-फेसबुक अकाउंट हैक कर लिया। फिर पीड़िता के ही अकाउंट से अश्लील क्लिप अपलोड कर दी।

आरोप है कि आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुए अपने दोस्तों से संबंध बनाने का दबाव भी बनाया। लगातार धमकी और प्रताड़ना से तंग आकर युवती महिला थाने पहुंची।

महिला थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़िता के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मोबाइल, सोशल मीडिया अकाउंट और वीडियो की फोरेंसिक जांच कराई जा रही है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

एनीमिया के खिलाफ जंग तेज, वैशाली में चार विभागों का संयुक्त प्रशिक्षण

चेहराकलां, महुआ, गोरौल और सहदेई बुजुर्ग के अधिकारियों को दिया गया टास्क

हाजीपुर (आससे)। एनीमिया मुक्त भारत अभियान को लेकर वैशाली जिले में तैयारियां तेज हो गई हैं। सदर अस्पताल, हाजीपुर के सभागार में बुधवार को अभियान के दूसरे बैच का



जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। अध्यक्षता जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी ने की।

प्रशिक्षण में चार प्रखंडों - चेहराकलां, महुआ, गोरौल और सहदेई बुजुर्ग के स्वास्थ्य, शिक्षा और समाज कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मी शामिल हुए। इनमें प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी और प्रखंड साधनसेवी शामिल थे।

तिरहुत स्नातक-शिक्षक निर्वाचन की कल एमआईटी में होगी मतगणना

एकल संक्रमणीय मत प्रणाली से होगी मतगणना, 14 टेबलों पर चलेगा कार्य

हाजीपुर(आससे)। बिहार विधान परिषद के 04-तिरहुत स्नातक एवं 04-तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन 2026 की मतगणना कल 27 अक्टूबर मंगलवार को होगी। मतगणना मुजफ्फरपुर के एमआईटी स्थित प्रशासनिक भवन में सुबह 8 बजे से शुरू होगी। आयुक्त, तिरहुत प्रमंडल सह निर्वाची पदाधिकारी के निर्देश पर मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। निष्पक्ष, पारदर्शी और सुव्यवस्थित तरीके से मतगणना संपन्न कराने के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है। स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए अलग-अलग मतगणना हॉल बनाए गए हैं। प्रत्येक हॉल में 14 मतगणना टेबल तथा एक सहायक निर्वाची पदाधिकारी का टेबल निर्धारित किया गया है। निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुसार मतगणना आनुपातिक प्रतिनिधित्व पद्धति के तहत एकल संक्रमणीय मत प्रणाली से की जाएगी। पहले मतदान केंद्रवार मतपत्रों की संख्यात्मक गणना होगी, इसके बाद मतपत्रों को मिश्रित कर अभ्यर्थीवार मतों की गिनती निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार की जाएगी। मतगणना केंद्र पर सुरक्षा, चिकित्सा दल, अग्निशमन वाहन, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई और बैरिकेडिंग की पुख्ता व्यवस्था की गई है। मतगणना हॉल में मोबाइल फोन ले जाना प्रतिबंधित रहेगा, इसके लिए मोबाइल जमा केंद्र बनाया गया है। मीडिया कर्मियों के लिए मीडिया सेंटर स्थापित किया जाएगा, जहां उन्हें राउंडवार जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

ग्रामीण बैंक के पेंशनधारियों को 5 माह से पेंशन का इंतजार

हाजीपुर। राजापाकर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के ग्रामीण बैंक के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों ने पिछले 5-6 माह से पेंशन राशि नहीं मिलने पर आक्रोश व्यक्त किया है। प्रखंड में सबसे पहले एकमात्र ग्रामीण बैंक होने के कारण अधिकतर पेंशनधारियों का खाता वहीं है। जब से ग्रामीण बैंक को एकीकृत कर उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक और फिर बिहार ग्रामीण बैंक बनाया गया और लीड बैंक सेंट्रल बैंक से बदलकर पंजाब नेशनल बैंक किया गया, तब से यह समस्या आ रही है। अन्य बैंकों में पेंशन समय पर मिल रही है।

शाखा प्रबंधक अशोक कुमार ने बताया कि अधिकतर शिकायतें एनपीसीआई से संबंधित हैं, जिसे बैंक द्वारा कर दिया गया है, लेकिन साइबर कैफे और पेंशनधारी के लॉगिन पर शो नहीं करता है। बीडीओ डॉ. सूर्य प्रताप सिंह ने कहा कि शिकायत मिली है, समाधान कराया जाएगा। विधायक महेंद्र राम ने बताया कि यह पूरे जिले की समस्या है और डीएम को पत्र लिखा गया है। राजवंशी देवी (90 वर्ष) और श्याम नंदन शर्मा सहित कई पेंशनधारी 5-6 माह से पेंशन से वंचित हैं।

अपहरण कांड का फरार आरोपी 4 साल बाद गिरफ्तार

हाजीपुर (आससे)। वैशाली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने चार साल से फरार चल रहे अपहरण कांड के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त औद्योगिक क्षेत्र थाना कांड संख्या- 180/21 में वांछित था। उसकी पहचान धर्मेंद्र पासवान, पिता लखींद्र पासवान, ग्राम भागवतपुर पहेठा, थाना सराय, जिला वैशाली के रूप में हुई है।



पुलिस के अनुसार यह मामला अपहरण से जुड़ा है। वर्ष 2021 में कांड दर्ज होने के बाद से आरोपी लगातार फरार चल रहा था। पुलिस उसके संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी।

इसी क्रम में गुप्त सूचना मिली कि आरोपी अपने गांव के आसपास देखा गया है। सूचना के सत्यापन के बाद औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे धर दबोचा। थाने लाकर पूछताछ की गई और आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

युवक पर छेड़खानी का आरोप

हाजीपुर। बराटी थाना क्षेत्र के शिवगंज गांव निवासी पूजा कुमारी (24 वर्ष), पति चंद्रशेखर सिंह ने गांव के ही एक युवक द्वारा परेशान करने को लेकर बराटी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

आवेदन में कहा गया है कि पति ड्राइवर का काम करते हैं। बाजार जाते समय ग्रामीण रंजन कुमार, पिता शत्रुघ्न राय उर्फ मुन्ना राय, ग्राम उत्तरी बराटी द्वारा छेड़खानी और धमकी दी जाती है। आरोप है कि अकेला पाकर घर में घुसकर साथ रहने का दबाव बनाता है और विरोध करने पर मारपीट करता है। पीड़िता ने बताया कि 18 अक्टूबर की रात करीब 12:30 बजे परिवार के सोने के बाद आरोपी पीछे से छत के रास्ते घर में प्रवेश कर अभद्र व्यवहार करने लगा। शोर मचाने पर भागते हुए अंजाम भुगतने की धमकी दी। उस दिन पति बाहर गए हुए थे। इस संबंध में 24 अक्टूबर को प्राथमिकी दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष पप्पू कुमार ने बताया कि जांच कर दोषी पर कार्रवाई की जाएगी।

प्रेमी ने पहली शादी छिपाकर रचायी दूसरी शादी, खुलासे पर हंगामा

पुलिस लेकर ससुराल पहुंची प्रेमिका तो घर में ताला लगाकर फरार हुआ परिवार

हाजीपुर (आससे)। सराय थाना क्षेत्र के हाट रोड दुर्गा मंदिर के समीप शनिवार को अफरा-तफरी मच गई, जब मुजफ्फरपुर निवासी एक युवती पुलिस लेकर अपने प्रेमी पति के घर पहुंच गई। युवती के आते ही ससुराल पक्ष के लोग घर में ताला लगाकर फरार हो गए। पीड़िता ने बताया कि सराय हाट रोड निवासी बालमुकुंद साह के पुत्र रूपेश साह से उसका प्रेम प्रसंग था। आरोप है कि चार माह पूर्व रूपेश ने पहली शादी की बात छिपाकर उसके साथ मंदिर में प्रेम विवाह किया और हाजीपुर के पासवान चौक में किराए के मकान में रख दिया।

युवती जब पति के साथ ससुराल रहने पहुंची तो पता चला कि रूपेश पहले से शादीशुदा है। इसकी जानकारी पर ससुराल वालों ने उसे रखने से इनकार कर दिया और हाथ पकड़कर घर से बाहर निकाल दिया।

न्याय की गुहार लेकर युवती सराय थाने पहुंची। पुलिस शिकायत पर युवती को लेकर रूपेश के घर पहुंची, लेकिन तब तक घर के सभी सदस्य ताला बंद कर मौके से फरार हो चुके थे। घर के बाहर ताला लटका देख युवती घंटों दरवाजे पर खड़ी रही और ससुराल में ही रहने की मांग करती रही। पीड़िता का कहना है कि उसे पति के घर में ही रहने दिया जाए। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

गोरौल में छापा, गांजा-गोगो बरामद, एक गिरफ्तार

डीएम के निर्देश पर नशामुक्त वैशाली अभियान के तहत कारर्वाई

हाजीपुर (आससे)। वैशाली में नशे के अवैध कारोबार पर प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के निर्देश पर चल रहे नशामुक्त वैशाली अभियान के तहत गोरौल प्रखंड में कार्रवाई की गई।

जिला प्रशासन के अनुसार, गोरौल के धाने गांव के वार्ड-13 में अंचल अधिकारी के नेतृत्व में छापेमारी की गई। इस दौरान एक गुमटी से गांजा और गोगो बरामद किया गया। मौके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।

जिला पदाधिकारी ने कहा है कि नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाना और जिले में स्वस्थ, सुरक्षित और नशामुक्त वातावरण बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है।

उन्होंने अधिकारियों को नशीले पदार्थों की बिक्री, भंडारण और आपूर्ति पर सतत निगरानी रखने और सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। डीएम ने जिलेवासियों से अभियान में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि अवैध कारोबार की सूचना व्हाट्सऐप नंबर 8544424310 और जिला नियंत्रण कक्ष 06224-260233 / 260234 पर दें।

वर्गीकृत

शपथ पत्र

मैं, विनय कुमार पिता गुलाब चंद्र ठाकुर मुहल्ला खुरमाबाद थाना सिवान (मु) जिला सिवान शपथ कर्ता के पुत्र का नाम आधार कार्ड नं.-302240372665 में भूलवश दुर्गेश ठाकुर हो गया है, परन्तु मूलरुप से शपथकर्ता के पुत्र का नाम अक्षत कुमार है। शपथकर्ता के पुत्र दुर्गेश ठाकुर को अब अक्षत कुमार के नाम से जाना जाएगा। अक्षत कुमार व दुर्गेश ठाकुर एक ही लड़के का नाम है। शपथ पत्र संख्या 86 दिनांक 15.10.2026.

9/484/26

शपथ पत्र

मैं, मृत्यंजय कुमार भक्त MRITUNJAY KUMAR BHAKT पिता शिवनाथ प्रसाद SHEO NATH PRASAD साकिन-रकौली, पो.-संठी, थाना-रघुनाथपुर, जिला-सिवान का निवासी हूं। शपथपूर्वक निम्नलिखित निवेदन करता हूं कि शपथकर्ता के आधार कार्ड सं.-3130 1485 4261 है। शपथकर्ता का ड्राईवरी लाइसेन्स जिला परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश से बना है, जो लाइसेन्स नं.-UP52-20110000438 जो ट्रान्सफर कर बिहार सिवान में आया है। शपथकर्ता का ड्राइवरी लाईसेन्स बना है उसमें शपथकर्ता के पिता का नाम अंग्रेजी में SHEO NATH PRASAD सही है जो गलती से SHIV NATH PRASAD हो गया है जो सुधार करना जरूरी है जो SHIV का सुधार कर SHEO सही करना है। शपथ पत्र सं.-4101 दि. 14.10.26

9/484/26

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके संबंध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबंधक

शिक्षाविद् रामजी साह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

हाजीपुर। महान समाजसेवी सह शिक्षाविद स्व. रामजी साह की प्रथम पुण्यतिथि पर शनिवार को उनके आवास राजापाकर दक्षिणी पंचायत के वार्ड नंबर-7 में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मौके पर अनेक शिक्षाविद, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और ग्रामीण उपस्थित हुए। सभी ने उनके तैल चित्र पर फूल-माला चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। समाजसेवी प्रेम कुमार यादव ने कहा कि स्व. साह अरुणाचल प्रदेश गवर्नमेंट सेकेंडरी स्कूल में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत थे। सेवानिवृत्ति के बाद वे सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे और गरीब-असहाय लोगों की मदद करते थे।

श्रद्धांजलि देने वालों में प्रखंड प्रमुख ललिता देवी, नथुनी प्रसाद सिंह, मनीष कुमार, तपसी प्रसाद सिंह, मुखिया प्रमिला देवी, रंजीत कुमार, विनोद प्रसाद सिंह, सीताराम सिंह, शत्रुघ्न प्रसाद सिंह, लालबाबू सिंह, मदन कुमार, अविनाश कुमार, बृजेंद्र प्रसाद सिंह और अमरनाथ सिंह सहित कई लोग शामिल रहे।

विजय दिवस समारोह को लेकर पूर्व सैनिक संघ तैयारी में जुटा

महुआ में 20 दिसंबर को होगा 55वां विजय दिवस समारोह

हाजीपुर। वैशाली जिला पूर्व सैनिक संगठन की लालगंज प्रखंड इकाई की बैठक रविवार को शारदा



सदन पुस्तकालय में हुई। अध्यक्षता संगठन अध्यक्ष रघुनाथ शर्मा ने की, जबकि संचालन उपाध्यक्ष दिलीप ठाकुर ने किया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य वर्ष 1971 के भारत-पाक युद्ध में भारत की ऐतिहासिक विजय के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले 55वें विजय दिवस समारोह की तैयारियों पर चर्चा करना था।

बैठक में निर्णय लिया गया कि वैशाली जिला पूर्व सैनिक संगठन की ओर से आगामी 20 दिसंबर 2026 को महुआ अनुमंडल में विजय दिवस समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर 1971 के युद्ध में भाग लेने वाले वीर सैनिकों और वीर नारियों को सम्मानित किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने को लेकर उपस्थित पूर्व सैनिकों ने अपने-अपने सुझाव दिए।

बैठक के दौरान नए सदस्यों नायब सूबेदार राजेंद्र चौधरी, नायक गनौर चौधरी और नायक पुरण ठाकुर का स्वागत किया गया। इसके बाद पूर्व सैनिकों ने अपनी समस्याओं पर विचार-विमर्श किया।

अध्यक्ष रघुनाथ शर्मा ने कहा कि सैनिक और पूर्व सैनिक अनुशासन के लिए जाने जाते हैं, इसलिए किसी भी कठिन परिस्थिति में धैर्य और समझ-बूझ से निर्णय लें। जल्दबाजी में कोई कदम नहीं उठाना चाहिए। बैठक में 24 अक्टूबर को करताहां थाना क्षेत्र के धनुषी गांव में मकान विवाद को लेकर हुई घटना पर भी चिंता जताई गई। पूर्व सैनिक धीरेन्द्र कुमार महतो ने भी विचार रखे। अंत में कैप्टन महेश ठाकुर ने धन्यवाद ज्ञापन किया और भारत माता की जय के साथ बैठक समाप्त हुई।

कार्यालय, अनुमंडल पदाधिकारी बखरी

आम सूचना

समाहर्ता, बेगूसराय के पत्रांक-२१०७/रा०, दिनांक-२२/०६/२०२६ के आलोक में एवं माननीय उच्च न्यायालय, पटना के ध्वज्ञ नं०-१७३२२/२०२२ के दिशा निर्देशानुसार श्री वैष्णवी दुर्गा मंदिर मक्खाचक, वार्ड नं०-२०, नगर परिषद बखरी, थाना-बखरी, जिला-बेगूसराय की व्यवस्था हेतु न्यास समिति के गठन के लिये सभी इच्छुक योग्य व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है। सभी योग्य इच्छुक व्यक्ति वांछित कागजातों के साथ अनुमंडल पदाधिकारी, बखरी के कार्यालय में दिनांक-२७/१०/२०२६ से ०३/११/२०२६ तक आवेदन जमा कर सकते हैं।

निवेदक
जिला प्रशासन
बेगूसराय।